कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की

कैसी शोभी बनी आज मेरे यार की,
भानु की दुलारी, नन्द के कुमार की ।
कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की ॥

अति मतवारे नयन मेरे युगल के,
करुणा की धारा या सों छल छल छलके ।
मैं वारि वरि जाऊं कजरे के धार की,
कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की ॥

लाड़ली की साडी लाल, काछनी है लाल की,
नज़र लगे न जोड़ी बनी है कमाल की ।
आपसे है शोभा, आप के श्रृंगार की,
कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की ॥

ऐसे सदा शोभा पाओ मेरे नयन तारे,
आपसे विनय है मेरी इतनी सी प्यारे ।
तोडना न डोर कभी मेरे प्यार की,
कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की ॥

जैसे चाँद शोभा पाए नील गगन में,
वैसे ही रमन करे राधिका रमन में ।
बात कहूं मैं बस यही सार की,
कोई तुलना नहीं है मेरी सरकार की ॥

स्वर : मनीष शर्मा एवं पंकज शर्मा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1300/title/kaisi-shobha-bani-aaj-mere-yaar-ki-koi-tulna-nahi-hai-meri-sarkaar-ki-bhajan-by-Manish-Pankaj-Phagwara-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |